पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 06.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 06.03.2026

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस होली मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अधिकारियों/कर्मचारियों को दी होली की शुभकामनाएं

आज दिनांक 06.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में आयोजित पुलिस होली मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर जनपद के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारियों को होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु शुभकामनाएं दी गयीं तथा सभी को होली की हार्दिक बधाई दी गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा कहा गया कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। सभी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए आमजन की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी सौहार्द और उत्साह के साथ होली मिलन कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान पुलिस परिवार के बीच आपसी समन्वय एवं भाईचारे की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया गया।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 06.03.2026

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 06.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री जयचन्द्र सिंह द्वारा गठित उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा व उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल मय हमराह हे0कां0 लालचन्द्र व कां0 हंसराज के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 34/2026 धारा 352/351(3)/115(2)/ 298 बीएनएस व 3(1)द,ध,3(1)फ,3(2)5क एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित 02 नफर वाँछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.नीरज सिंह पुत्र गुड्डू सिंह उर्फ रणमत सिंह उम्र करीब 19 वर्ष 2.गोविन्द सिंह पुत्र तिलक सिंह उम्र करीब 42 वर्ष निवासीगण ग्राम अतरारमाफ थाना श्रीनगर जनपद महोबा को कैमहा तिगैला के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा 2. उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल
3. हे0कां0 लालचन्द्र 4. कां0 हंसराज

गिरफ्तार अभियुक्तगण –

1.नीरज सिंह पुत्र गुड्डू सिंह उर्फ रणमत सिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम अतरारमाफ थाना श्रीनगर जनपद महोबा

2.गोविन्द सिंह पुत्र तिलक सिंह उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम अतरारमाफ थाना श्रीनगर जनपद महोबा